**भारतीय रेड क्रास सोसायटी**
**श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा**

# वार्षिक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर

**13–15 अप्रैल, 2025, ट्रेनर– आशीष शर्मा, मास्टर ट्रेनर, सेण्ट जॉन एम्बूलेन्स**






दिनांक 13 से 15 अप्रैल, 2025 के मध्य प्राथमिक चिकित्सा का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। इसमें 30 स्वयंसेवकों ने सीनियर इन फर्स्ट एड (प्रोफेशनल) का प्रशिक्षण पूर्ण किया। प्रशिक्षण कॉलेज की रेड क्रास समिति के निर्देशन में सेण्ट जॉन एम्बूलेन्स बिग्रेड के मास्टर ट्रेनर आफिसर आशीष शर्मा द्वारा दिया गया। श्री आशीष शर्मा की नियुक्ति इस शिविर हेतु सेण्ट जॉन एम्बूलेंस (इण्डिया) उत्तर प्रदेश स्टेट सेण्टर द्वारा की गई थी।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ0 आदित्य वर्मा– एडीशनल सी0एम0ओ0, वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष प्रबन्ध समिति तथा प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रोफेसर आर0बी0एस0 बघेल, नैक प्रभारी प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह, प्रोफेसर बी0पी0 सिंह, प्रोफेसर आर0एस0 सिंह, डॉ0 चमन कौर, डॉ0 घनश्याम द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

शिविर के प्रथम दिन ट्रेनर ने प्राथमिक चिकित्सा की सैद्धान्तिक व्याख्या की, शरीर रचना पर प्रकाश डाला तथा मरीज की प्रारम्भिक जाँच के नियम (DRSABC) को समझाया।

शिविर के दूसरे दिन रक्त संचरण एवं शरीर संरचना की विस्तृत व्याख्या की। इसके पश्चात् व्यक्ति के जलने, सीढ़ी पर गिरने, हाथ कटने, हाथ या पैर की हड्डियों के टूट जाने तथा किसी वाहन से दुर्घटना हो जाने पर मरीज की जाँच, उसका परिवहन, घाव का उपचार, पट्टियों को बाँधने तथा सी0पी0आर0 देने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक दशाएं उत्पन्न करके समझाया। साथ ही स्वयंसेवकों को उसकी प्रैक्टिस भी कराई। प्रैक्टिस के तहत घायलों की मदद के लिए कैसे लोगों को सहायता के लिए पुकारना है? एम्बुलेंस को कैसे बुलाना है? आदि पर व्यापक प्रैक्टिस कराई गई।

शिविर के तीसरे दिन उन्होंने स्वयंसेवको को मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा के बारे में समझाया। उसके बाद सांप काटने, कुत्ते के काटने पर घायलों को कैसे प्राथमिक उपचार दिया जाये इसका भी प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉक्टर अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला अस्पताल गोण्डा द्वारा स्वयंसेवकों का परीक्षण किया गया।

जिला अस्पताल गोण्डा के डॉक्टर फर्रूक एवं उनकी टीम द्वारा स्वयंसेवकों की रक्त जॉच शिविर स्थल पर की गई, जिसमें एच0आई0वी0, हेपेटाइटिस बी एवं हीमोग्लोबीन का परीक्षण किया गया। शिविर के समापन सत्र के मुख्य अतिथि जिला अस्पताल गोण्डा के वरिष्ठ आर्थोपैडिक सर्जन डॉ0 पी0एन0 सिंह रहे। उन्होंने बच्चों को समझाते हुये यह कहा कि आप सम्पूर्ण विद्यार्थियों में से सबसे भाग्यशाली हैं, जिन्होंने इस प्रशिक्षण शिविर को पूरा किया है क्यों कि आप समाज में आगे आकर किसी की मदद करने के लिए तत्पर हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने रेड क्रास के स्वयंसेवकों को अपने स्वास्थ्य संवर्धन हेतु विभिन्न तरीके बताये। नैक प्रभारी प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को इतने अच्छे आयोजन का हिस्सा बनने के लिए बधाई दी। छात्र कल्याण अधिकारी प्रोफेसर शिव शरण शुक्ला ने स्वयंसेवकों को अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

सत्र के दौरान कुछ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें निबन्ध प्रतियोगिता में फिरदौस बानों को प्रथम, नेहा तिवारी को द्वितीय और अनुष्का विसेन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। रक्तदान हेतु कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में अनुष्का विसेन को प्रथम, अंजु वर्मा को द्वितीय तथा गुलशन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पूरे वर्ष प्रदर्शन के आधार पर ब्यूटी मिश्रा, शुभी, गुलशन एवं मनसा भारती को अच्छे स्वयंसेवक का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। अभिजीत यश भारती को पूरे सत्र के दौरान मनोयोग से सहयोग करने के लिए भूतपूर्व अच्छे स्वयंसेवक के प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। सत्यम दूबे को बेस्ट मेल वालंटियर तथा अनुष्का विशेन को बेस्ट फीमेल वालंटियर चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन रेड क्रास इकाई के प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 हरीश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को तीनों दिन सुचारू रूप से संचालित करने में डॉ0 पुनीत कुमार और डॉ0 ममता शुक्ला की महती भूमिका रही।









## प्रशिक्षण में रक्त संचरण एवं शारीरिक संरचना के बारे में दी जानकारी



प्रमाण-पत्र के साथ छात्र, प्राचार्य व प्रोफेसरगण। फोटो : एसएनबी

**गोण्डा (एसएनबी)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की यूनिट द्वारा त्रिदिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 अप्रैल से 2025 से 15 अप्रैल के मध्य आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्राथमिक चिकित्सा की सैद्धांतिक व्याख्या सेंट जॉन एंबुलेंस बिग्रेड के कोर ऑफिसर आशीष शर्मा मास्टर ट्रेनर द्वारा स्वयंसेवकों को प्रदान की गई। शिविर के दूसरे दिन आशीष शर्मा ने प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को प्रदान किया, जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम रक्त संचरण एवं शारीरिक संरचना के विषय में विस्तृत व्याख्या दी। डा फारूक एवं उनकी टीम द्वारा स्वयंसेवकों की रक्त जांच शिविर स्थल पर आकर की गई, जिसमें एचआईवी, हेपेटाइटिस बी और हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। मख्य अतिथि वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ पीएन सिंह रहे। उन्होने विभिन्न दुर्घटनाओं के दौरान होने वाली विभिन्न चोटों के उपचार के लिए बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को अपने स्वास्थ्य संवर्धन हेतु विभिन्न तरीके बताए। इस दौरान प्रोफेसर शिव शरण शुक्ला ने ब्यूटी मिश्रा, गुलशन, मनसा भारती एवं अभिजीत यश भारती को अच्छे वॉलिंटियर का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सत्यम दुबे को बेस्ट मेल वालंटियर तथा अनुष्का बिसेन को बेस्ट फीमेल वालंटियर चुना गया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस यूनिट के संयोजक प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरीश शुक्ला ने किया। असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र विभाग डॉ पुनीत कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग डॉ ममता शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## भारतीय रेड क्रास सोसायटी का तीन दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शुरू

भास्कर ब्यूरो

**गोंडा।** भारतीय रेड क्रास सोसायटी की लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज यूनिट, में प्राथमिक उपचार पर आधारित त्रिदिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.आदित्य वर्मा. एडीशनल सी.एम.ओ., वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष प्रबन्ध समिति, प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रोफेसर आर.बी.एस. बघेल, नैक प्रभारी प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह, प्रोफेसर बी.पी. सिंह, प्रोफेसर आर.एस. सिंह, डॉ. चमन कौर, डॉ. घनश्याम द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा एवं सी.पी.आर. की उपादेयता के विषय में बताया। वर्षा सिंह ने अपने सम्बोधन में विकास में स्वास्थ्य की उपादेयता के साथ पोषण पर विशेष बल दिया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में अपने जीवन की घटनाओं पर प्रकाश डालते



हुये प्राथमिक चिकित्सा की महती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को अभिप्रेरित किया। संचालन व अतिथियों का परिचय रेड क्रास इकाई के प्रभारी प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल ने किया तथा स्वागत डॉ. ममता शुक्ला व डॉ. हरीश शुक्ला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पुनीत कुमार ने किया। ट्रेनर आशीष शर्मा ने प्राथमिक चिकित्सा क्यों आवश्यक है,इस पर प्रकाश डालते हुये कहा कि समाज में सभी व्यक्तियों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिये ताकि आकस्मिकताओं का सामना किया जा सके। इस अवसर पर अभिजीत यश भारती, राम भरोस, शंकर दयाल, रमेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# त्रिदिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

त्रिगुट संवाददाता

गोंडा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की यूनिट द्वारा त्रिदिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्राथमिक चिकित्सा की सैद्धांतिक व्याख्या सेंट जॉन एंबुलेंस बिग्रेड के कोर ऑफिसर श्री आशीष शर्मा मास्टर ट्रेनर द्वारा स्वयंसेवकों को प्रदान की गई। शिविर के दूसरे दिन श्री आशीष शर्मा ने प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को प्रदान किया। जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम रक्त संचरण एवं शारीरिक संरचना के विषय में विस्तृत व्याख्या दी। इसके पश्चात व्यक्ति के जलने ,सीढ़ी से गिरने ,हाथ कटने, हाथ या पर की हड्डियों के टूट जाने की दशा में मरीज की जांच ,उसका परिवहन ,घाव का उपचार एवं सी पीआर देने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक दशाएं उत्पन्न करके समझाया। साथ ही साथ सभी स्वयंसेवकों को उसकी प्रैक्टिस भी कराई। प्रैक्टिस के तहत घायलों की मदद के लिए कैसे लोगों को सहायता के लिए पुकारना है? एंबुलेंस को कैसे बुलाना है ? पर व्यापक प्रकाश डाला।

शिविर के तीसरे दिन श्री आशीष शर्मा जी ने स्वयंसेवकों को मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा के बारे में समझाया उसके बाद सांप काटने, कुत्ते के काटने पर घायलों को कैसे प्राथमिक उपचार दिया जाए इसका भी प्रशिक्षण प्रदान किया ।उसके उपरांत डॉक्टर फरूक एवं उनकी टीम द्वारा स्वयंसेवकों की रक्त जांच शिविर स्थल पर आकर की गई ।जिसमें एचआईवी , हेपेटाइटिस बी और हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया।



शिविर के समापन सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ पी एन सिंह रहे जिन्होंने बच्चों को समझाते हुए यह कहा कि आप संपूर्ण विद्यार्थियों में से सबसे भाग्यशाली हैं जिन्होंने इस प्रशिक्षण शिविर को पूरा किया है क्योंकि वह समाज में आगे जाकर किसी की मदद करने के लिए तत्पर हो सकते हैं। डॉक्टर साहब ने विभिन्न दुर्घटनाओं के दौरान होने वाली विभिन्न चोटों के के उपचार के लिए विस्तृत रूप से वॉलिंटियर्स को समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार जी ने रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को अपने स्वास्थ्य संवर्धन हेतु विभिन्न तरीके बताए। प्रोफेसर जितेंद्र सिंह सर ने स्वयंसेवकों को इतने अच्छे आयोजन का हिस्सा बनने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी साथ ही साथ छात्र कल्याण अधिकारी प्रोफेसर शिव शरण शुक्ला सर ने स्वयंसेवकों को अपना आशीर्वचन प्रदान किया इस शिविर के समापन सत्र में ब्यूटी मिश्रा ,गुलशन एवं मनसा भारती को अच्छे वॉलिंटियर का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।अभिजीत यश भारती को पूरे शिविर सत्र के दौरान मनोयोग से सहयोग करने के लिए भूतपूर्व अच्छे वालंटियर के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सत्यम दुबे को बेस्ट मेल वालंटियर तथा अनुष्का बिसेन को बेस्ट फीमेल वालंटियर चुना गया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस यूनिट के संयोजक प्रोफेसर राजीव कुमार अग्रवाल जी द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरीश शुक्ला जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को तीनों दिन सुचारू रूप से संचालित करने में असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र विभाग डॉक्टर पुनीत कुमार और असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग डॉक्टर ममता शुक्ला जी की महती भूमिका रही।